an>

Title: Need to improve medical facilities in hospitals in Sant Kabir Nagar district, Uttar Pradesh.

श्री शरद त्रिपाठी **(संत कबीर नगर):** मैं सरकार का ध्यान जिला अस्पतालों की बुरी हालत की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। आम जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में जो अस्पताल अहम भूमिका निभाते थे, आज वह असफल हो रहे हैं। अधिकांश अस्पतालों में जांच के लिए आधुनिक मशीनों का नितांत अभाव है जिसके कारण लोगों को मजबूर होकर प्राइवेट अस्पतालों की शरण में जाना पड़ रहा है जहां उन्हें शोषण का शिकार होना पड़ रहा है। जिला संत कबीर नगर (उ.प्र.) जो मेरा संसदीय क्षेत्र है, वहां पर सी.टी. स्कैन, डायलाइसिस, कैथ लैब जैसी कोई भी रेडियोलॉजी की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि जिला अस्पतालों में रेडियोलॉजी की आधुनिक मशीनों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे पिछड़े और गरीब इलाकों में आम जनता को समय पर और सही इलाज मिल सके।